हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार 1 अप्रैल 2026
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



## खबर संक्षेप

### प्रोफेसर जूही देवांगन को मिली पीएचडी की उपाधि

**दुर्ग।** ब्राम्हणपारा दुर्गा मंदिर चौक निवासी जूही देवांगन को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पवई मुंबई द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्हें यह उपाधि एप्लाईड फिजिक्स विषय पर शोध के लिए मिली है। डॉ. जूही देवांगन वर्तमान में शासकीय महाविद्यालय पॉली कोरबा में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। वे हाईकोर्ट अधिवक्ता शोभित कोष्ठा की पत्नी और दुर्ग के वरिष्ठ अधिवक्ता मुरली मनोहर देवांगन की पुत्री है। डॉ. जूही देवांगन को पीएचडी की उपाधि मिलने पर आईआईटी मुंबई के प्रोफेसरों के अलावा देवांगन परिवार द्वारा बधाई दी गई है।



### नक्सलवाद का अंत, शहीदों का सपना हुआ साकार

**दुर्ग।** प्रदेश के नक्सलमुक्त होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। प्रवक्ता नितेश साहू ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ सहित पूरा देश नक्सलवाद के अभिशाप से मुक्ति की ओर निर्णायक सफलता प्राप्त कर चुका है, और यह भारतीय जनता पार्टी की दृढ़ इच्छाशक्ति, राष्ट्रवादी सोच और प्रभावी रणनीति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की कठोर नीतियों, तथा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा के दृढ़ संकल्प ने नक्सलवाद जैसी गंभीर समस्या को जड़ से समाप्त करने का ऐतिहासिक कार्य किया है।



### हनुमान जन्मोत्सव पर आज से भक्तिमय आयोजन

**जामुल।** श्री शिव शंकर सेवा मंच के तत्वाधान मे हनुमान जन्मोत्सव समारोह के उपलक्ष्य में 1008 हनुमान चालीसा पाठ और साथ ही सुंदरकांड का पाठ कर महाआरती एवं महाप्रसाद वितरण किया जायेगा। जामुल नगर पालिका परिषद क्षेत्र मे शिवशंकर सेवा मंच द्वारा 1 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव 1008 हनुमान चालीसा का पाठ कर पूजा अर्चना कर महाआरती शिवपुरी जामुल वार्ड-17 में किया जाएगा। तत्पश्चात नगरवासियों को भोग भंडारे के माध्यम से महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### निधन

### शांता शर्मा

**भिलाई।** सिकोला निवासी शांता शर्मा 80 वर्ष का निधन 30 मार्च को हो गया। उनका अंतिम संस्कार दुर्ग के महादेव घाट मुक्तिधाम में किया गया। वे कविता, प्रतीक, भावना, भावेश की मां थीं।



### // आम सूचना //

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार सुनील कुमार अग्रवाल आत्मज स्व. इन्द्रजीत अग्रवाल उम्र 51 वर्ष, पता- मकान नं. A-1007, द्वितीय तल, सिल्वर ओक, भाठागांव, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में निवास करता है। एवं जिसके आधिपत्य से

(1) असल लीज डीड दिनांक 31 दिसम्बर 1998 ग्रन्थ क्रमांक-11760 विलेख क्रमांक 4700 है। जिसमे लीजकर्ता M.P. हाउसिंग बोर्ड जोन दुर्ग थे। एवं लीज प्राप्तकर्ता का नाम मनीत जैन आत्मज स्व. हेमचंद जैन दर्ज है जिसमे उल्लेखित मौजा-भिलाई वार्ड नं.-16 (छत्तीसगढ़ औद्योगिक क्षेत्र हाउसिंग बोर्ड के अन्दर भाग) प्लाट नं.- L.I.G.-43 रकबा -92.40 वर्गमीटर अंकित है।

(2) असल लीज डीड दिनांक 31 दिसम्बर 1998 ग्रन्थ क्रमांक- 11760 विलेख क्रमांक 4699 है। जिसमे लीजकर्ता M. P. हाउसिंग बोर्ड जोन दुर्ग थे । प्राप्तकर्ता का नाम इन्द्रजीत अग्रवाल आत्मज हरभजन लाल अग्रवाल दर्ज है जिसमे उल्लेखित मौजा-भिलाई वार्ड नं.-16 (छत्तीसगढ़ औद्योगिक क्षेत्र हाउसिंग बोर्ड के अन्दर भाग) प्लाट नं.-L.I.G.-44 रकबा- 92.40 वर्गमीटर अंकित है।

(3) असल विक्रय पत्र दिनांक 30-जनवरी-2010 ग्रन्थ क्रमांक- 20595 विलेख क्रमांक 2869 है। जिसमे विक्रेता मनीत जैन आत्मज स्व. हेमचंद जैन मनीत जैन आत्मज स्व. हेमचंद जैन थे । एवं क्रेता का नाम इन्द्रजीत अग्रवाल आत्मज हरभजन लाल अग्रवाल दर्ज है जिसमे उल्लेखित मौजा- भिलाई वार्ड नं.-16 (छत्तीसगढ़ औद्योगिक क्षेत्र हाउसिंग बोर्ड के अन्दर भाग) प्लाट नं.- L.I.G.-43 रकबा- 92.40 वर्गमीटर अंकित है।

यह कि उक्त बयनामा 02-मार्च-2026 को छत्तीसगढ़ औद्योगिक क्षेत्र हाउसिंग बोर्ड जाते समय रास्ते में उसका बैग कही गुम गया बहुत ढूढने पर वापस नही मिला । उक्त बेग में उक्त तीनो असल रजिस्ट्री थी । जिस सम्बन्ध में मेरे पक्षकार ने थाना-जामुल में दिनांक 28-मार्च - 2026 को प्रथम सुचना दर्ज कराई है । अतः उक्त लीज डीड एवं बैनामा जिस किसी व्यक्ति को मिले वह सीधे मेरे निम्नलिखित पते पर स्थित कार्यालय में संपर्क करे । इसके अलावा मेरा पक्षकार सुनील कुमार अग्रवाल आत्मज स्व. इन्द्रजीत अग्रवाल को श्रीमती उषा अग्रवाल पति स्व. इन्द्रजीत अग्रवाल द्वारा इन संपत्तियों के सम्बन्ध में किसी भी कार्य करने के लिए आम मुख्तायार नामा नियुक्त किया गया है । मेरा पक्षकार उक्त रजिस्ट्री में अंकित संपत्ति को किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय करने का सौदा तय कर लिए है । तो ऐसी स्थिति में किसी भी शासकीय अर्धशासकीय बैंक, वित्तीय संस्था या किसी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति उक्त दस्तावेज के सम्बन्ध में है तो अपना हक एवं दावा इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है । तदानुसार सुचना जाने ।

स्थानः - दुर्ग

दिनांक :- 31 मार्च 2026

भूपेन्द्र कुमार दुबे
अधिवक्ता
पता- सांई नगर, उरला नहर नाली रोड दुर्ग
मो. 93295-11103

## अहिंसा के अग्रदूत को ग्रामीण अंचल ने किया याद

# त्याग व संस्कार महावीर की विरासत जो विश्व शांति के लिए आज भी प्रासंगिक : डॉ. श्रेणिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

परिक्षेत्रीय महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का आयोजन जामगांव आर में हुआ। परिक्षेत्रीय समिति के इस 32 वाँ वर्ष आयोजन में कई प्रमुख अतिथिगण उपस्थित रहे। अल सुबह प्रभात फेरी तत्पश्चात भगवान मल्लिनाथ मंदिर में पूजा अर्चना भक्तों ने किया। इसके बाद भव्य शोभा यात्रा नगर में भगवान महावीर के संदेशों को गुंजायमान करते हुए निकली। जिसमें बच्चे युवाओ नर नारियों की अच्छी खासी संख्या शामिल हुए। सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं भी हुई।स्वागत भाषण समिति अध्यक्ष मनीष बैद ने किया।

इस दौरान योग पद्धति दंत चिकित्सा विशेषज्ञ ने कहा कि त्याग और संस्कार भगवान महावीर की विरासत है। पूरी दुनिया के लिए भगवान महावीर का सिद्धांत संदेश अमन चैन से जीवन जीने के लिए आज भी प्रासंगिक है। ख्यातिनाम कवि राधेलाल लोढ़ा ने कहा कि वर्तमान में वर्धमान की आवश्यकता है। प्रखर वक्ता सुरेश बाफना ने जैन इतिहास का पन्ना पलटते हुए कहा कि महावीर की विरासत को आगे बढ़ाने भगवान महावीर की बात माने। इस अवसर पर 70 साल उम्र पार कर चुके भीखम चंद नाहटा,सोनराज गोलछा राधेलाल लोढ़ा, गोवर्पूधन चंद कोचर ,पुनमचंद चोरड़िया,खेमराज कोचर ने एक साथ बैठकर सामूहिक भोज करते हुए युवा पीढ़ी को विरासत सौंपते हुए बताया कि यह एक दूसरे में प्रेम बांटने का विरासत मय तरीका है।

### शोभायात्रा निकली और हुई विविध प्रतियोगिताएं



आयोजन में भखारा राल जैन समाज वरिष्ठ गुलाबचंद राय सोनी, ग्राम पंचायत जामगांव आर सरपंच रूपेंद्र शुक्ला और मेघराज कोचर भी मंचासिन रहे। मंचीय संचालन श्वेता भारती किंजल ग्रुप ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ महोत्सव में अनेकों विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। अतिथियों का स्वागत गौतमचंद चौरडिया, यादमल गोलछा, प्रमोद जैन, संतोष चौरडिया, जिनेश जैन, यशवंत लाल राय सोनी, निर्मल जैन, आकाश रायसोनी, भविष्य राय सोनी, जवरीलाल छाजेड़ आशीष कोचर, चंद्र कैलाश बैद, सुरेश बैद, डॉ. डालचंद गोलछा, मनीष बैद, प्रेमचन्द चौरडिया सुरेश चौरडिया आदि ने किया। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव जामगांव आर का साक्षी बनने भीखमचंद नाहटा, सोनराज गोलछा, लूणकरण कोचर, मनोज नाहर, विनोद नाहर, प्रेमचंद ओस्तवाल, ऋषभ ओस्तवाल, योगेश ओस्तवाल, विनोद जैन निपानी, गोवर्धन चंद कोचर, रावल लोढ़ा, धनराज नाहर, ताराचंद लालवानी, हर्ष चौरडिया धमतरी, बोरझरा, भेलवाकूदा, पचपेड़ी, खोरपा, गातापार, कुरूद, तर्रागोंदी, मर्रा, सेमरा, गुण्डरदेही, जामगांव आर, जैन श्री संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

### जीव दया के साथ मनाई महावीर जयंती



भगवान महावीर जन्मोत्सव पर उतई नगर का माहौल जैन श्री संघ उतई के विभिन्न आयोजनों से महावीरमय हो गया। संघ की महिला पुरुष बच्चों ने पूरे जोश के साथ अपनी संपूर्ण भागीदारी प्रदान करते हुए जहां सुबह प्रभात फेरी में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई वही समस्त परिवारों ने मिलकर सामूहिक रूप से महामंत्र नवकार का जाप किया। जाप उपरांत सभी ने भगवान महावीर के भक्ति गीतों ओर भजनों के साथ नगर में जुलूस निकाला जो कॉलेज कालोनी से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार मार्ग से बाजार चौक होते पाटन पुल सद्भावना चौक होते हुवे दुर्ग पाटन मुख्य मार्ग के थाना चौक होते पुनः प्रारंभ स्थल पर समाप्त हुआ। जुलूस के दौरान समाज के द्वारा विभिन्न स्थानों पर आइस्क्रीम ठंडा की व्यवस्था की गई थी।



# कुथरेल व कोनारी में 86.50 लाख से हुए विकास कार्यों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुथरेल एवं ग्राम कोनारी में विभिन्न मदों से निर्मित विकास कार्यों बाउंड्रीवाल, सामुदायिक भवन, चबूतरा, ओपन जिम व मंच तथा कोनारी में 20 लाख की लागत से विभिन्न गलियों में सीसी रोड का विधायक ललित चंद्राकर ने विधिवत पूजा-अर्चना कर जनता को समर्पित किया।

- महतारी वंदन योजना से मातृशक्ति का सशक्तीकरण हो रहा
- कृषक उन्नति योजना से किसानों को मिला संबल

लोकार्पित कार्य-ग्राम कुथरेलः स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रांगण में बाउंड्रीवाल निर्माण लगात 3.50 लाख, आबादीपारा सामुदायिक भवन लागत 12 लाख, चबूतरा निर्माण लागत 50 हजार, ओपन जिम स्थापना लागत 5 लाख, मंच निर्माण लागत 1 लाख, ग्राम कोनारी विभिन्न गलियों में सीसी रोड निर्माण-लागत 20 लाख। चंद्राकर ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकास भी, विरासत भी' के मंत्र और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में हमारी सरकार जन-आकांक्षाओं के अनुरूप तेज़ी से काम कर रही है। महतारी वंदन योजना से मातृशक्ति का सशक्तीकरण, कृषक उन्नति योजना से किसानों को संबल, तेन्दूपत्ता संग्राहकों के मानदेय में वृद्धि, आवास-स्वच्छता के लक्ष्यबद्ध कार्य और पारदर्शी सेवा वितरण-ये सभी जनकल्याणकारी कदम अब गांव-गली तक परिणाम दे रहे हैं।

इस अवसर पर कुथरेल में सरपंच गीता गजपाल, जनपद सभापति लोमश चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, महामंत्री पुराण देशमुख, डीलेश साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता टीकाराम साहू, उपसरपंच लोकनाथ साहू, भानपुरी सरपंच उमेंदी राम ठाकुर आदि मौजूद थे।



# आगजनी से प्रभावित किसानों से मिले विधायक, मदद का दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बोरी

ग्राम खिलोराखुर्द में हुई भीषण आग की घटना के बाद क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू ने प्रशासनिक अमले के साथ प्रभावित खेतों का निरीक्षण करते हुए किसान परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शासन की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। ज्ञात हो कि शनिवार को ग्राम खिलोराखुर्द में अचानक लगी आग ने भारी तबाही मचाई थी। इस आगजनी में किसानों की तैयार गेहूं की फसल, पैरावट (पशु आहार) और पशुओं को गंभीर क्षति पहुंची थी। निरीक्षण के दौरान विधायक के साथ मुख्य रूप से तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक व हल्का पटवारी सहित मण्डल अध्यक्ष धमधा लोकेन्द्र ब्रम्हभट्ट, महामंत्री बोरी सूरज देशमुख, नीलाम्बर साहू, अरविंद पटेल आदि उपस्थित थे। विधायक साहू ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अन्नदाता का नुकसान बेहद पीड़ादायक है। राजस्व विभाग तत्काल क्षति का सटीक पंचनामा तैयार करे ताकि प्रभावित किसानों को शासन के नियमानुसार उचित और त्वरित मुआवजा मिल सके। इसमें किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

- राजस्व विभाग आर्थिक क्षति का करेगा आंकलन

### हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी



**सेलूद।** आदर्श क्लब व हनुमान शिव समिति बाजार चौक सेलुद के तत्वाधान में हनुमान जन्मोत्सव पर्व मनाया जाएगा। चारबांधा स्थित दक्षिणमुखी हनुमान व शिव मंदिर में 4 बजे पूजा अर्चना कर शाम 5 बजे महाभोग व प्रसाद वितरण के साथ रात 8 बजे भारत भवन बाजार चौक सेलुद में श्री जय माँ भवानी बघवा जस झांकी परिवार घुघसीडीह द्वारा जस झांकी का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### निकुम में चौसर प्रतियोगिता 4 को

**निकुम।** समस्त ग्रामवासी निकुम के तत्वाधान में एक दिवसीय चौसर प्रतियोगिता 4 अप्रैल शनिवार को शाम 6 बजे बस स्टैंड निकुम में होगी। जिसमें प्रथम पुरस्कार दस हजार रुपए, द्वितीय सात हजार, तृतीय पांच हजार व चतुर्थ पुरस्कार 3000रुपए दिए जाएंगे। यह जानकारी समिति अध्यक्ष हेमंत चौधरी व निखिल गुप्ता ने दी।

### सीएचसी पाटन में रक्तदान शिविर



**पाटन।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पाटन में आयोजित रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने रक्तदान करने वाले सभी दानदाताओं की सराहना की।

# ढौर में भक्त मां कर्मा जयंती का आयोजन सामाजिक एकता और संस्कार पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

असनारा परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढौर में स्थानीय साहू समाज द्वारा कर्मा मंदिर प्रांगण में भक्त माता कर्मा की 1010 वीं जयंती श्रद्धा, उत्साह एवं भव्यता के साथ मनाई गई। शुरुआत सुबह भव्य कलश शोभायात्रा से हुई।इस अवसर पर गांव के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। साथ ही भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। मुख्य अतिथि देवेंद्र चंद्रवंशी ने साहू समाज की सामाजिक संगठन की तारीफ की।

समाज की मांग पर उन्होंने शौचालय निर्माण कार्य की घोषणा भी की। तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने समाज को नशामुक्त रहने, शिक्षा से जुड़ने और संस्कारवान परिवार निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। परिक्षेत्रीय अध्यक्ष किशन हिरवानी ने पाटन तहसील में ग्राम ढौर को सामूहिक आदर्श विवाह की जननी बताते हुए सामाजिक एकजुटता को समय की आवश्यकता बताई। इस मौके पर मुख्य रूप से सुरेन्द्र साहू, संतोष साहू, अर्जुन साहू, खेमिन साहू, सरिता साहू, विमला साहू, तनुजा साहू, रवि साहू, सरपंच मेघा ठाकुर, रोशनी मिश्रा, गिरीश साहू, ओमप्रकाश साहू, किशन साहू,कौशल साहू,रूपेश साहू, रेखराम साहू, अन्नू साहू, दीपमाला साहू, लक्ष्मीकांत साहू, डॉ बीके साहू,जितेंद्र हिरवानी, नरेंद्र साहू, देवेंद्र साहू, महेंद्र साहू, शिवकुमार साहू, कोमल साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### सिरसिदा में धूमधाम से मनाई माता कर्मा जयंती

**अण्डा।** ग्राम सिरसिदा में साहू समाज द्वारा संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा की जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला और कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर थे। अध्यक्षता भीषम लाल साहू ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में ग्राम सरपंच सरस्वती चंद्राकर, उपसरपंच दामिनी चंद्राकर, परिक्षेत्र की उपाध्यक्ष सत्यवती साहू एवं परिक्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में साहू समाज के अध्यक्ष जाहनू राम साहू, उपाध्यक्ष सुखसागर साहू, महिला उपाध्यक्ष रागिनी साहू, कोषाध्यक्ष मनोहर साहू, सचिव खिलेंद्र साहू, संगठन सचिव लखनलाल साहू एवं बासन साहू माता सहित समाज के अनेक पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। इसके अलावा पुरुषोत्तम साहू, डॉ. हीरालाल साहू, भुनेश्वरी साहू, कल्पना साहू, मीना साहू, निराशा साहू, उर्वशी साहू, अनीता साहू सहित ग्रामीण साहू समाज के सभी सदस्य कार्यक्रम में शामिल हुए।



# प्राचार्य फेडरेशन में खान निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

छत्तीसगढ़ प्राचार्य फेडरेशन की प्रांतीय आम सभा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ कार्यालय में आयोजित की गई। इस प्रांत स्तरीय आमसभा में एम.आर. खान को निर्विरोध फेडरेशन का अध्यक्ष चुना गया।फेडरेशन के प्रांतीय सचिव धर्मेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि यह आमसभा छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुई। आमसभा को संबोधित करते हुए प्रमुख संस्थापक सदस्य चमेली वर्मा ने एम.आर. खान की सक्रियता को देखते हुए अध्यक्ष पद हेतु प्रस्ताव रखा, जिसे सभी उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार करते हुए उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया।

- प्राचार्यों की समस्याओं के समाधान हेतु ठोस एवं सार्थक पहल का लिया महत्वपूर्ण निर्णय



नव निर्वाचित अध्यक्ष एम.आर. खान ने कहा कि वे आम सहमति से संगठन को प्रदेश में मजबूती प्रदान करेंगे तथा प्राचार्यों की समस्याओं को शासन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखेंगे।

मुख्य अतिथि कमल वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन प्रदेशभर में प्राचार्यों को न्याय दिलाने हेतु हर स्तर पर संघर्ष करेगा। आमसभा ने सर्वसम्मति से कमल वर्मा को संरक्षक मनोनीत किया। इसके अतिरिक्त संगठन के प्रमुख सलाहकार के रूप में अनुराग ओझा, सलाहकार के रूप में आर.पी. दास एवं अनुपमा श्रीवास्तव, सचिव के रूप में धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष के रूप में चमेली वर्मा, उपाध्यक्ष के रूप में डॉ. भारती अग्रवाल, संयुक्त सचिव के रूप में आई.जे. विंद तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में आर.के. पटेल, राजेश्वरी चंद्रा, स्वाति सिंह तिर्की एवं सरिता नासरे को मनोनीत किया गया।

# सामान्य सभा में अधिकारियों की गैरहाजिरी पर फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

जनपद पंचायत पाटन की सामान्य सभा की बैठक में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की गैरमौजूदगी को लेकर तीखी नाराजगी देखने को मिली। बैठक में अपेक्षित अधिकारियों की अनुपस्थिति से कार्यवाही बाधित हुई, जिस पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक ने सख्त आपत्ति दर्ज करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि इस तरह की लापरवाही अब किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

- स्वच्छता सर्वेक्षण में गोपनीयता पर बवाल

बैठक के दौरान स्वच्छता सर्वेक्षण को गुप्त तरीके से कराए जाने का मुद्दा भी जोर-शोर से उठा। जनप्रतिनिधियों को बिना सूचना दिए टीमों का आना और सर्वेक्षण करना गंभीर अनियमितता माना गया। इस पर अध्यक्ष सहित सभी जनपद सदस्यों ने जनपद पंचायत के सीईओ के प्रति तीव्र नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे पारदर्शिता के सिद्धांतों का खुला उल्लंघन बताया।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने भी एक स्वर में प्रशासनिक ढिलाई पर नाराजगी जताते हुए कहा कि योजनाओं और सर्वेक्षण कार्यों में जनप्रतिनिधियों की अनदेखी लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है।


दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध
श्रीमति वैदेही शर्मा
माँ कामख्या उपासक
फीस 251/-
श्रीमती वैदेही शर्मा माँ कामाख्या की असीम कृपा साधना द्वारा समस्या हेतु जन्म कुंडली देखकर महा दशाओं के आधार पर आर्थिक, मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक, नौकरी एवं व्यापार संबंधित काल सर्प दोष, मांगलिक दोष, पिचाष दोष, गृहण दोष, गृहकलेश, पति- पत्नी विवाद, विवाह में बाधा, सतान सुख में कमी, गुप्त शत्रु बाधा, आकर्षण उच्चाटन मारण, मास्तिक दमन, भक्तगण इन बाधाओं से पीड़ित व्यक्ति बागुला मुखी साधना द्वारा समाधान।
माँ कामख्या ज्योतिष कार्यालय मो. 9343907851
पता: धमधा रोड, मिलन पैलेस के बाजु में, दुर्ग
समय: सुबह: 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक शाम: 04 बजे से 07 बजे तक

# बुजुर्गों ने की श्रमदान से तालाब की सफाई

**दुर्ग।** सियान सदन आदर्श नगर ने माता तालाब पोटिया की श्रमदान कर सफाई की। सभी वरिष्ठजनों ने तालाब की सफाई की। मुख्य रूप से 65 से 85 वर्ष उम्र के बुजुर्ग इस अभियान में शामिल हुए। पूरी मेहनत और लगन से तालाब की सफाई की उनके मेहनत और लगन को देखते हुए नए युवकों को सीख लेनी चाहिए। तालाब में तीन तरफ की सफाई की गई, शेष स्थल की सफाई अगले एक से दो दिन में की जाएगी।



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
वात रोग • घुटने के दर्द • पीठ व कमर दर्द • स्लिपडिस्क • लिगामेंट के दर्द • साइटिका • मोल्ड एल्बो • फ्रोजन शोल्डर • शरीर में जकड़न
9 सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
9 सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार 1 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 35.4 डिग्री
न्यूनतम 21.4 डिग्री

12 चतुर्ग्रही योग में मनेगी हनुमान जयंती, सिद्ध होगी...

13 भक्तिमय गीतों से गूंजा शहर, जल संरक्षण से लेकर ...







# अशोक पंडा होंगे स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के चेयरमेन, सेल का विस्तार व ग्लोबल कंपनी बनाना है चुनौती

## सेल चेयरमेन के सामने चुनौतियां

- पांच साल से लंबित है बीएसपी का एक्सपॉन्शन प्रोजेक्ट
- हड़ताल के बाद भी लंबे समय से अटका वेतन समझौता
- आउटसोर्सिंग बढ़ने से व्याप्त समस्या पर अंकुश लगाना



*सार्वजनिक क्षेत्र में भारत की सबसे बड़ी इस्पात कंपनी सेल की उत्पादन-उत्पादकता से लेकर हरीतिमा और सामाजिक सरोकार तक एक अलग पहचान है। इसमें ध्वजवाहक इकाई बीएसपी की अहम भूमिका है। सेल के नए मुखिया के सामने मौजूदा चुनौतियों को अवसरों में बदलने इच्छाशक्ति व अनुभव की दरकरार होगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

सेल (स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड) को अपना नया मुखिया मिल जाने से भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल के कार्मिकों को नई उम्मीद बंधी है। सेल के डायरेक्टर अशोक कुमार पंडा के चेयरमेन बन जाने से अधिकारी संगठनों और यूनियनों को कर्मियों और अधिकारियों के लंबित मुद्दो के जल्द निदान के साथ कंपनी की विस्तारीकरण परियोजना को गति मिलने की आशा की जा रही है। आशा की जा रही है कि चेयरमेन परंपरा के मुताबिक जल्द सेल की सबसे बड़ी यूनियन भिलाई का दौरा कर विरासत में मिली चुनौतियों को परिणामों में बदलेंगे।

उल्लेखनीय है कि निवर्तमान सेल चेयरमेन अमरेंदु प्रकाश के महीनेभर पूर्व इस्तीफा दे देने के बाद गतिरोध बना हुआ था। शनिवार को दिल्ली में चेयरमेन के इंटरव्यू में चयन बाद श्री पंडा के नाम पर इस्पात मंत्रालय की मुहर लगने के बाद बीएसपी में उत्साह का माहौल है। यूनियनों के मुताबिक नए सेल चेयरमेन से उत्पादन के साथ कर्मचारियों के वेलफेयर पर भी फोकस किए जाने की आशा कर्मियों को है।




### सेल के सिरमौर बीएसपी में बढ़ेगी जिम्मेदारी

रिटायर्ड होने व भर्ती मंद होने से मेनपावर बढ़ता संकट

| | |
|---|---|
| वर्तमान में कुल कर्मचारियों की संख्या- | 10,000 |
| अफसरों की संख्या- | 2400 |
| आउट स्टैंडिंग रेवेन्यू- | 131 करोड़ (सेल में 6 सौ करोड़) |

### 32 मिलियन टन उत्पादन का है लक्ष्य

#### 7 से 11 मिलियन टन उत्पादन है भिलाई इस्पात संयंत्र का लक्ष्य

नवनियुक्त चेयरमेन के सामने खड़ीं कई बड़ी चुनौतियों के तहत सबसे बड़ी समस्या भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल के विस्तारीकरण और आधुनिकीकरण परियोजनाओं को जल्द शुरु कराने या गति देने की है। वर्ष 2032 तक सेल का इस्पात उत्पादन का लक्ष्य 34 मिलियन टन किया जाना है। इसके लिए सेल के सबसे बड़े उपक्रम बीएसपी का विस्तीरकरण किया जाना है। प्रोजेक्ट के पूर्ण हो जाने से बीएसपी का उत्पादन 7 मिलियन टन से 11 मिलियन टन हो जाएगा। लेकिन पांच साल पूर्व शुरु होने वाला यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट अब तक प्रारंभ नही हो पाया है। करीबन 30 हजार करोड़ के इस प्रोजेक्ट की लागत दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और सेल को रेल सहित अन्य आर्डर की डिमांड पूर्ण करने की भी समस्या से जूझना पड़ रहा है। सेल की विस्तारीकरण परियोजनाएं एक लाख करोड़ की लागत की हैं।

#### आड़े आ रही प्रोजेक्ट कास्ट के लोन और ब्याज की विकट समस्या

सेल से जड़े सूत्र बताते हैं कि इतनी बड़ी लागत राशि के लिए लोन व ब्याज की समस्या आड़े आ रही है। बीएसपी की नई रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल को मंजूरी के बाद भी इसका निर्माण अब तक शुरु नहीं हो पाया है। इसके अलावा सेल को डीकार्बोनाइजेशन, सेफ्टी,शून्य दुर्घटना, मेन पावर और वीआर स्कीम आदि के तय लक्ष्य की भी चुनौती है। अधिकारियों की मानें तो इस समस्या को लेकर लगातार बैठकों का दौर जारी है। इस चुनौती से निपटने के लिए नए सेल चेयरमेन के सामने सबकी निगाहें है। माना जा रहा है कि इसे लेकर जल्द ही बैठक भी होनी है, ताकि लंबे समय से अटके इस मामले का निराकरण हो सके। बीएसपी सेल की सबसे बड़ी इकाई है इसके चलते लंबित विस्तारीकरण प्राथमिकताओं में से एक है। इसके जल्द शुरू होने से सेल का उत्पादन लक्ष्य पूरा होगा।

### बीएसपी टाउनशिप की समस्या

55 साल पुरानी टाउनशिप और सेक्टर-9 अस्पताल का कायाकल्प

| | |
|---|---|
| कुल क्वार्टरों की संख्या- | 33 हजार |
| बीएसपी कर्मचारियों के आवास- | 8 हजार |
| रिटेंशनधारी | 14 सौ शेष थर्ड पार्टी |

### सेल के लिए बड़ा चेलेंज

- सेल को ग्लोबल कंपनी बनाना
- रेल सहित अन्य सेलेबल प्रोडक्ट की मांग पूरी करना
- डेढ़ लाख से अधिक ठेका श्रमिकों का पे-रिवीजन समझौता

### कर्मियों व अफसरों के पेंशन का टेंशन

सेल के पचास हजार कर्मियों, अफसरों व एक लाख ठेका श्रमिकों की लंबित पड़ी समस्याओं और बीएसपी टाउनशिप सहित अन्य उपक्रमों की बसाहट की विकट समस्या बनी हुई है। यूनियनों के अनुसार 5 साल से सेल कर्मियों का वेतन समझौता अपूर्ण होने से 39 महीने के एरियर्स व भत्ते का भुगतान अब तक नहीं होने पर असंतोष से प्रदर्शन, हड़ताल का सिलसिला जारी है। वर्क लोड व दुर्घटना बढ़ने के बाद भी ठेका मजदूरों के वेतन समझौता न तय किया जा रहा है और न ही सभी को निर्धारित न्यूनतम वेतन व सामाजिक सुरक्षा ही दी जी रही है। ठेका कंपनियां प्रबंधन पर हावी हैं। इसके अलावा कर्मियों अधिकारियों की नई पेंशन स्कीम सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी ईपीएफओ पर उच्च प्रबंधन अपने कर्मियों के हितों के अनुरुप दबाव नहीं बना पा रहा है। अफसरो के प्रमोशन में अधिकाधिक कवरेज और कर्मियों की बुनियादी समस्याएं भी यथावत हैं।


फाइल फोटो

### निजीकरण व बसाहट है चुनौती

सेल के सबसे बड़े उपक्रम बीएसपी का अन्य यूनिटों सहित देश की अर्थ व्यवस्था को मजबूती देने में साठ साल का स्वर्णिम योगदान रहा है। लेकिन पिछले एक दशक से बीएसपी के टुकड़े, टुकड़े में निजीकरण (आउटसोर्सिंग) से कर्मियों की बुनियादी सुविधाएं बदतर होने के साथ बसाहट प्रभावित होने से असंतोष बढ़ रहा है। आवासीय, चिकित्सा,शिक्षा, पेयजल, कला संस्कृति की सुविधाए तेजी से सिमट रही हैं। रिटेंशन स्कीम को बंद किए जाने के खिलाफ रिटायरकर्मचारियों के समर्थन में विधायक देवेंद्र यादव दो माह से भिलाई बचाओ आंदोलन कर रहे हैं और सांसद विजय बघेल में रिटेंशन का टेंशन कम करने की मांग प्रबंधन से कर रहे हैं। सेल चेयरमेन से कर्मियों को इन चुनौतियों के जल्द निदान की उम्मीद है।



# गैस पाइप फटने से हुआ ब्लास्ट हथखोज फैक्ट्री में लगी आग

**इंजीनियरिंग पार्क भिलाई-3 की घटना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज में स्थित इंजीनियरिंग पार्क में मंगलवार शाम को थेथिस हाइड्रोकार्बन प्राइवेट लिमिटेड में गैस पाइप ब्लास्ट होने से अचानक आग लग गई है। अफरा तफरी मच गई। दमकल पहुंचने पर आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक प्लॉट नंबर-37 हथखोज में थेथिस हाइड्रोकार्बन कंपनी है। जहां अचानक भीषण आग लग गई। आग इतना भीषण लगा था कि फैक्टी की पूरी बिल्डिंग चपेट में आ गई। कई किलोमीटर दूर तक फैक्ट्री का धुआं निकलता देखा गया है। मौके पर दमकल वाहन पहुंची थी। यह फैक्ट्री गोविंद नामक व्यक्ति का होना बताया गया है। फैक्ट्री में कई ज्वलनशील पदार्थ और हाइड्रोकार्बन मौजूद होने के कारण आग ने तेजी से फैलने लगा। दमकल कर्मियों के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। फिलहाल कोई बड़ी जनहानि नहीं हो पाई है। खबर लिखे जाने तक दमकल की टीम आग पर काबू पाने में जुटी हुई है। फैक्ट्री के दस्तावेजों की भी जांच होना बताया गया है।

- हथखोज भिलाई-3 स्थित थेथिस हाइड्रोकार्बन फैक्ट्री में दुर्घटना



**धुएं के चलते सांस लेने में दिक्कत :** मिली जानकारी के मुताबिक इंजीनियरिंग पार्क में केएसएस हाइड्रोकार्बन में काफी धुआं उठने की शिकायत पर स्थानीय लोगों ने दमकल की मांग की थी। फैक्ट्री पी-आयल है जो लोडिंग के समय उसका पाइप फट गया। जिसके कारण ब्लास्ट हो गया।

# पति को आत्महत्या के लिए किया मजबूर, पत्नी समेत 3 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

पति को प्रति को आत्महत्या करने के लिए प्रताड़ित करने वाले पत्नी, साला और उसके मामला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि गया नगर वार्ड 4 दुर्ग निवासी विशाल गुप्ता ने 11 मार्च को आत्महत्या करने के पहले मोबाइल फोन में वीडियो रिकार्ड किया था। जिसमें पत्नी तनु उर्फ मोहनी गुप्ता और उसके परिजनों द्वारा लगातार मानसिक प्रताड़ना देने का आरोप लगाया था। इससे परेशान होकर आत्महत्या करने की बात उल्लेख था। पुलिस ने जांच करने के बाद मृतक को वीडियों के आधार पर मौहदा, जिला हमीरपुर, उत्तर प्रदेश निवासी शिवा गुप्ता, सुमेरपुर पेलानी रोड, जिला हमीरपुर, उत्तर प्रदेश कृष्ण कुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मोबाइल फोन जब्त किया है।

- दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र की है घटना
- पत्नी भाई, मामा को भी यूपी से पकड़ी पुलिस

## गांजा के साथ महिला को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** महिला के साथ लाखों रुपए का गांजा को पुलिस ने जब्त किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि बैकुण्ठ धाम, दशहरा मैदान कैम्प 2 भिलाई में गांजा बेचने की शिकायत मिली थी। पुलिस ने शीतला मंदिर के पास, चौरसिया होटल के पीछे, नंदनी रोड निवासी डी. सुनीता को पकड़ा गया। पुलिस ने एक सफेद प्लास्टिक थैले में 2.060 किग्रा गांजा जब्त किया।

## शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**भिलाई।** अवैध रुप से शराब बेचने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बावर स्टेडियम, पीपल पेड़ के पास शराब बेचने की सूचना मिली थी। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम शीतला पारा भिलाई तीन निवासी विनोद कुमार बांधे बताया है। 34 पौवा देशी मसाला शराब जब्त किया गया।

## बैंक कर्मी बनकर 4.22 लाख की ठगी

**भिलाई।** बैंक कर्मी बनकर मोबाइल हैक कर लाखों रुपए का ऑनलाइन ठगी करने का मामला सामने आया है। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि गुरुनानक नगर वार्ड 24 निवासी गिरधर लाल माखीजा बेकरी कारोबारी है। 28 मार्च को उनके मोबाइल पर अज्ञात ने काल कर बैंक कर्मी बनकर झांसा दिया। अज्ञात ने पीडित को एक ऐप डाउनलोड करने बोलबैंक कर्मी बनकर 4.22 लाख की ठगी, जुर्म दर्जा। एप लोड करने के बाद मोबाइल को हैक कर बैंक ऑफ बडौदा पदमनाभपुर डाऊनलोड करने के नाम पर लिंक भेजा। पीड़ित के खाते से 198001 रुपये फिर 125010 लाख रुपये, बैंक आफ बड़ोदा शाखा मेन ब्रांच मोहन नगर के खाते से 99510 रुपये कुल खाते से 4,22,522 रुपये की आनलाईन ठगी किया गया है। जानकारी लगने पर पीड़ित ने घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

**स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड**
भिलाई इस्पात संयंत्र
भिलाई, जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़, भारत-490001
Great Place To Work. Certified

**सूचना**

संबंधित पूर्व कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि भिलाई इस्पात संयंत्र अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को नियमों के अनुसार 11 माह की अवधि के लिए लाइसेंस आधार पर NQ1 एवं NQ2 श्रेणी के क्वार्टर आवंटित करता है।

इसके अतिरिक्त, पूर्व कर्मचारियों की वास्तविक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, रुआबांधा सेक्टर में कुछ NQ4 (600 वर्ग फुट, NB2 प्रकार) क्वार्टर भी लाइसेंस आधार पर आवंटन हेतु चिन्हित किए गए हैं। साथ ही, कार्यपालक श्रेणी से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए कुछ EQ1 (900 वर्ग फुट, C3 प्रकार) क्वार्टर भी लाइसेंस आधार पर आवंटन हेतु चिन्हित किए गए हैं।

पात्र पूर्व कर्मचारी, यदि उन्हें वास्तविक आवश्यकता के कारण भिलाई में रहना हो, तो इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। नियमों के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का कब्जा उपयुक्त कानूनी कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होगा।

उप प्रबंधक (आवास एवं राजस्व)
नगर सेवाएँ विभाग

विज्ञापन क्र.-बीएसपी-24 / 25-26 / दिनांक : 31 / 03 / 2026

पंजीकृत कार्यालय : इस्पात भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली, 110003
Corporate Identity Number : 127109DL1973G01006454.Website: www.sail.co.in
हर किसी की ज़िन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल




हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 1 अप्रैल 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



● अखंड रामायण पाठ, सोन व चांदी से भगवान का श्रृंगार, मंदिरों में विशेष आयोजन

# चतुर्ग्रही योग में मनेगी हनुमान जयंती, सिद्ध होगी मनोकामना मंदिरों में आज से अखण्ड पाठ के साथ विशेष अनुष्ठान शुरू

राम भक्त हनुमान प्राकोत्सव के अवसर पर में ट्विनसिटी के मंदिरों में भव्य सजावट की जा रही है। प्राचीन मंदिरों को माहभर पहले से रंग-रोगन कर सजाया जा रहा है। इस दिन भगवान के दर्शन करने मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहेंगी। जन्मोत्सव पर मंदिरों के साथ ही चौक- चौराहों पर भंडारे की व्यवस्था की जा रही है। इस वर्ष 2 अप्रैल गुरुवार को हनुमान जयंती मनाई जाएगी, जिसके लिए सुबह से देर रात तक मंदिर परिसर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**भिलाई।** हनुमान जयंती के अवसर पर इस बार चतुर्ग्रही योग और मंगल का गोचर रहेगा जोकि शुभ माना गया है। ट्विनसिटी के मुख्य मंदिरों में सेक्टर 9 हनुमान मंदिर, सेक्टर 6 संकट मोचन मंदिर, बंम्लेश्वरी मंदिर के हनुमान मंदिर, राधिका नगर, सुपेला, ब्राम्हण पारा दुर्ग स्थित हनुमान मंदिर, राम दरबार अग्रसेन चौक, लंगूरवीर मंदिर शनिचरी मार्केट, बस स्टैंड दुर्ग के मंदिरों में विशेष आयोजन किए जाएंगे। गुरुवार को मंदिर में भक्तों का तांता सुबह से देर रात तक देखने को मिलेगा। इस उपलक्ष्य में मंदिर परिसर को फूलों और लाइटिंग से सजाया जा रहा है।



### 56 भोग अर्पित कर किया जाएगा ब्राह्मण भोज

सेक्टर 9 हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी पं सूर्यकांत तिवारी (हनु महाराज) ने आयोजन के संबंध में बताया कि मंदिर का यह 54वां साल है। हनुमान जयंती अवसर पर तड़के 4 बजे से मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए जाएंगे। इस दौरान सुबह स्वयं भू प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक के पश्चात सिंदूर लेप और चमचमाती पोशाक एवं सोने चांदी के आभूषणों से श्रृंगार किया जाएगा। उसके बाद विधि-विधान से पूजन हवन संपन्न किए जाएंगे। साथ ही वेदी पूजा व शिव अभिषेक भी साथ साथ किया जाएगा। भगवान के समक्ष 56 भोग का प्रसाद अर्पित किया जाएगा, जिसमें कई प्रकार के व्यंजनों को शामिल किया गया है।



### समिति ही कर रही महाभंडारे की व्यवस्था

हनु महाराज ने बताया कि मंदिर में जयंती उत्सव की तैयारी कुछ दिनों पूर्व ही शुरू की जा चुकी है। जहां भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की जा रही है। महाभंडारे के लिए किसा व्यक्ति विशेष नही बल्कि मंदिर की ही श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर सेक्टर 9 समिति द्वारा ही भोग व भंडारे की व्यवस्था की जाती है। उन्होंने भक्तों से भंडारे में सहयोग के लिए मंदिर समिति से सीधा संपर्क करने अपील की है।

### फूलों से सज रहे मंदिर

ट्विनसिटी के सभी हनुमान मंदिरों में जयंती से पूर्व ही तैयारी शुरू हो गई है। जहां रंग रोगन और दीवारों पर लाइटिंग की जा रही है। गुरुवार को फूलों से मंदिर प्रांगण को सजाया जाएगा। तड़के 4.30 बजे मंदिर के पट खोले जाएंगे, जिसके पश्चात अखंड रामचरित मानस पाठ की शुरुआत होगी। सुबह 8 बजे मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान नगर भ्रमण के साथ झांकी भी निकाली जाएगी।

### महाआरती के साथ आतिशबाजी भी

हनुमान जयंती के अवसर पर मंदिर में भगवान को चोला चढ़ाने के साथ ही छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया जाएगा। जगह-जगह शोभायात्रा निकाली जाएगी। हनुमान प्रतिमाओं का पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। सेक्टर 9 के हनुमान मंदिर में खिचड़ी, हलवा, पूड़ी व शरबत आदि का वितरण युवाओं द्वारा किया जाएगा। प्रतिवर्ष मंदिर में सेवा करने वाली युवाओ की टीम ने बताया कि सुबह से महिलाएं एकत्र होकर सुंदरकाण्ड का पाठ प्रांगण में करेंगी। दोपहर 12 बजे से अभिषेक और राजा श्रृंगार होगा, इस अवसर पर भगवा रंग की पोशाक, फूलों की माला और सोने-चांदी के आभूषणों से श्रृंगार किया जाएगा। शाम को भजन संध्या के साथ ही महा आरती की जाएगी।

### सेक्टर 6 ब्रज मंडल गीता भवन में आयोजन

विक्रम संवत 2083, चैत्र पूर्णिमा गुरुवार को राधाकृष्ण मंदिर गीताभवन सेक्टर 6 में हनुमान प्रकटोत्सव का आयोजन मंदिर प्रांगण के बालाजी हनुमान मंदिर में रखा गया है। इस अवसर पर सुबह 8 बजे बालाजी हनुमान का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। पुष्पों, पंचगव्य और सुगंधित दृव्यों से विशेष महाभिषेक एवं चोला अर्पण किया जाएगा। सुबह 10 बजे रामचरितमानस से सुंदर काण्ड, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण का सस्वर संगीतमय पाठ किया जाएगा। दोपहर 12 बजे महाआरती के बाद अंजनी भोग महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा।

### पंचामृत से सुबह अभिषेक



श्री हनुमान गढ़ी सेवा समिति नेताजी सुभाष रोड, रामनगर स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर के पुजारी पंडित राघवेंद्र पांडेय ने बताया कि राम भक्त हनुमान का अयोध्या में निवास स्थल हनुमान गढ़ी के नाम पर बने रामनगर के इस मंदिर में प्रतिवर्ष हर्षोल्लास के साथ हनुमान जयंती मनाया जाता है। पं पांडेय ने बताया कि इस वर्ष का यह हनुमान जयंती इस लिए भी खास है क्योंकि अब रामलला अपने राजमहल में स्थापित हो चुके है। रामनगर में आयोजन के एक दिन पूर्व बुधवार को सुबह 9 बजे से अखंड रामायण पाठ की शुरुवात की जायेगी। गुरुवार की सुबह 10 बजे रामायण पाठ विश्राम के बाद हवन-पूजन किया जाएगा। जिसके बाद दोपहर 12 बजे महाभंडारे का आयोजन मंदिर समिति दवरा किया जाएगा। इस दिन सुबह 4 बजे पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ हनुमान का अभिषेक मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित राघवेंद्र पांडेय द्वारा किया जाएगा। भक्तों को भगवान का विशेष श्रृंगार देखने को मिलेगा।

### हनुमान चालीसा से बाधाएं होंगी दूर

भगवताचार्य आचार्य पं संदीप तिवारी ने बताया कि इस दिन हनुमान चालीसा, बजरंग बाण और हनुमान बाहु का पाठ करने से विघ्न बाधाएं दूर होंगी। इस दिन की गई हनुमत अराधना का विशेष लाभ मिलेगा। जयंती पर हनुमान चालीसा, बजरंग बाण व हनुमान बाहु का पाठ करने से पुण्य स्वास्थ्य लाभ होगा। कई प्रकार की विघ्न बाधाएं दूर होंगी। खास बात यह है कि उनके मंत्रों का जाप करने से साधक के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

लाइव इवेंट

## विभिन्न क्षेत्र की महिलाओं को नारी शक्ति एवार्ड से किया सम्मानित



**भिलाई।** जगत कल्याण विकास संस्थान द्वारा मंगलवार को आयोजित एवार्ड फंक्शन में सौ महिलाओं को नारी शक्ति एवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में समाज सेवा, सौंदर्य, उद्यमिता, चिकित्सा, कला, संगीत, ज्योतिष, साहित्य, खेल, तकनीक, योग और महिला एवं बाल विकास जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली हस्तियों को जेके फाउंडेशन की संस्थापक टी जयारेड्डी की अगुवाई में सम्मान पत्र एवं रिटर्न गिफ्ट दिया गया। समारोह में राजयोगिनी आशा दीदी, सांसद पत्नी रजनी बघेल तथा समाजसेवी इंद्रजीत सिंह छोटू विशेष रूप से उपस्थित थे। समारोह का संचालन रेखा कृपा शंकर यादव ने किया। इस दौरान वेदश्री कला संघम की शास्त्रीय नृत्यांगनाओं ने भरतनाट्यम के माध्यम से गणेश वंदना तथा शिव स्तुति प्रस्तुत की। इस मौके पर आशा दीदी ने नारी शक्ति का अभिनंदन करते हुए कहा कि वैसे तो पुरुष के पास भी शक्ति होती है, फिर भी नारी शक्ति क्यों कहते हैं, इसके जवाब में वह स्वयं कहती हैं कि महिलाओं के पास वह शक्ति है, जिससे वे विश्व का नवनिर्माण कर सकती हैं। इसलिए मैं हमेशा कहती हूं कि हम महिलाएं विश्व की निर्माता हैं। कार्यक्रम को इंद्रजीत सिंह और रजनी बघेल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों की सौ उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंजू कुर्रे, आयशा फातिमा, अंकिता भारद्वाज, हर्षा साहू, रीता परिहार, निकिता शर्मा, प्रियंका गुप्ता, डॉ नीना महतो, हिना, डॉ उत्तरा रामटेके, ज्योति शांडिल्य, सुषमा मिंज, पूजा महेश, नीतू मंडल, ललिता चोपड़ा, भारती साहू सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।




लाइव इवेंट

## दुर्ग की खो-खो पुरुष टीम ईस्ट जोन प्रतियोगिता में लेगी हिस्सा, हुई रवाना




**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की खो-खो पुरुष टीम 2 से 6 मार्च 2026 तक सिधों कान्हो बिरसा विश्वविद्यालय, पुरोलिया वेस्ट बंगाल में आयोजित ईस्ट जोन प्रतियोगिता में भाग लेगी। रवानगी के पहले विश्वविद्यालय परिसर में टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ. संजय तिवारी और कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप और खेल संचालक डा. दिनेश नामदेव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई। इस दौरान टीम के खिलाड़ियों को ट्रेकसूट, ड्रेस और जूता प्रदान किया गया। खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि खो-खो पुरुष टीम का प्रशिक्षण शिविर शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई में आयोजित कराया गया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि खो-खो पुरुष टीम पिछले सत्र में द्वितीय स्थान प्राप्त कर प्रतियोगिता में उपविजेता रही। इस टीम के मैनेजर शासकीय महाविद्यालय बालोद के क्रीड़ाधिकारी मनीष टोप्पो और कोच कल्याण महाविद्यालय भिलाई नगर के क्रीड़ाधिकारी भुनेश्वर साहू है। जिनके मार्गदर्शन में टीम प्रतियोगिता में प्रदर्शन करेगी।

खो-खो टीम में शामिल खिलाड़ियों में दुर्गेश कुमार साहू शासकीय महाविद्यालय दुर्ग, लक्ष्यदीप बंजारे शासकीय महाविद्यालय दुर्ग, अंकुश सिंह शासकीय महाविद्यालय दुर्ग, सेजल कुमार शासकीय महाविद्यालय दुर्ग, चमन कुमार शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई, विकास कुमार शासकीय महाविद्यालय दुर्ग, राजदीप साहू मनसा महाविद्यालय कोहका भिलाई, तरूण देवांगन शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई, ओमप्रकाश साहू शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई, राहुल कुमार साहू शासकीय महाविद्यालय दुर्ग, विमल टंडन शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई, वेदप्रकाश कल्याण पीजी महाविद्यालय भिलाई नगर,,राकेश कुमार साहू शासकीय महाविद्यालय दुर्ग, थामलेश्वर शासकीय महाविद्यालय अंबागढ़ चोकी चोमेश कुमार शासकीय महाविद्यालय डोंगरगांव के सभी रवाना हुए।

## धार्मिक यात्रा में दिखा उत्साह, 22 बसों में मातृशक्ति रवाना, माता कौशिल्या धाम चंदखुरी के किए दर्शन

**भिलाई।** खुर्सीपार क्षेत्र की महिलाओं के लिए एक धार्मिक दर्शन यात्रा का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में सुबह आठ बजे खुर्सीपार से 22 बसों के माध्यम से सैकड़ों मातृशक्तियों को माता कौशिल्या धाम चंदखुरी ले जाया गया, जहां श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर माता कौशिल्या के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर पालिक निगम भिलाई के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस धार्मिक यात्रा के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी सौजन्य मुलाकात कर सभी महिलाओं से भेंट मुलाकात की गई। जिसने इस यात्रा को और विशेष बना दिया। इसके पश्चात सभी श्रद्धालु रायपुर स्थित श्रीराम मंदिर पहुंचे, जहां भगवान श्रीराम के दर्शन कर भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की गई एवं महाप्रसादी ग्रहण की गई। यात्रा के दौरान कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की धर्मपत्नी वीणा सिंह से भी मातृशक्ति की आत्मीय मुलाकात कर महिलाओं को संबोधित करते हुए धर्म और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। नंदन जैन भाजपा उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ विशेष अतिथि रहे। उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह की इस सराहनीय पहल के लिए क्षेत्रवासियों ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा निरंतर समाज सेवा, धार्मिक जागरूकता और महिलाओं के सम्मान के लिए किए जा रहे प्रयास निश्चित रूप से अनुकरणीय हैं।





## पल्लव का काव्य संग्रह विमोचित

**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई के जाने माने कवि पल्लव चटर्जी का पांचवां कविता संकलन ध्वनिमत में जगत का दुर्गा पंचमी को पश्चिम बंगाल हुगली जिले के पाणडुया में एकालेर छिन्नपत्र के सदस्य पापड़ी दत्ता के निवास पर आयोजित एक समारोह में विमोचन हुआ। इस मौके पर मानस सरकार, कवि विकास चक्रवर्ती, सनत डे और अब्दुल गफ्फार भी मौजूद थे। उपस्थित लोगों ने पल्लव चटर्जी के रचनाकर्म की सराहना की और पाठकों से कविता संग्रह को पढ़ने का आग्रह किया। लेखकों ने उम्मीद जताई कि पल्लव चटर्जी भविष्य में भी अपने रचनाकर्म में और सक्रियता के साथ जुटे रहेंगे।



श्री शंकराचार्य कैंपस के युवा मंच से बन रहे समाज में बदलाव की आवाज

कार्नर न्यूज

## नुक्कड़ नाटकों से जागरुकता की अलख जगा रहा स्वांग क्लब रचनात्मकता के साथ सामाजिक सरोकारों का दे रहे संदेश

**भिलाई।** श्री शंकराचार्य टेक्निकल कैंपस के विद्यार्थियों द्वारा संचालित 'स्वांग क्लब' इन दिनों अपने रचनात्मक प्रयासों और सामाजिक सरोकारों के चलते चर्चा में है। यह सक्रिय क्लब नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से समाज के ज्वलंत मुद्दों को उठाकर जन-जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य कर रहा है। विद्यार्थियों की यह पहल न केवल मनोरंजन का माध्यम बन रही है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव का संदेश भी प्रभावी ढंग से पहुंचा रही है।

क्लब के छात्र-छात्राएं स्वच्छता, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक कुरीतियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां देते हैं। उनके नाटक आमजन को सोचने पर मजबूर करते हैं और समाज के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराते हैं। इन प्रस्तुतियों के जरिए युवाओं ने यह साबित किया है कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का सशक्त जरिया भी हो सकती है।



### गीत, संगीत और नृत्य की नियमित रूप से कर रहे तैयारी

स्वांग क्लब की प्रेरणास्त्रोत एवं मार्गदर्शक प्रोफेसर डॉ. नम्रता भार्गव बताती हैं कि क्लब का उद्देश्य केवल मंचीय प्रदर्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। उनके अनुसार, इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उनमें सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी सुदृढ़ करती हैं। क्लब में नाटकों के अलावा गीत, संगीत और नृत्य की भी नियमित रूप से तैयारी कराई जाती है, जिससे विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को नया आयाम मिल रहा है। विभिन्न आयोजनों में स्वांग क्लब की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र बन रही हैं।

### जिम्मेदारी और कर्तव्यनिष्ठा का दिया संदेश



हाल ही में आयोजित राज्यस्तरीय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में क्लब के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटक अंतर समाज ने दर्शकों को झकझोर कर रख दिया। इस नाटक में समाज के विभिन्न पहलुओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करते हुए जिम्मेदारी और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया गया। बढ़ते अपराध और नशा व्यसन पर प्रहार करते हुए इसके दुष्प्रभावों को रेखांकित किया गया, साथ ही सतर्कता और समरसता का संदेश भी दिया गया। विद्यार्थियों ने काले और सफेद रंगों की वेशभूषा के माध्यम से समाज की द्वंद्वात्मक स्थिति को प्रतीकात्मक रूप में प्रस्तुत किया, जो दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ गया। स्वांग, जो स्वयं एक लोकनाट्य शैली का प्रतीक है, जिसके माध्यम से ऐतिहासिक, पौराणिक और सामाजिक परिदृश्यों को जीवंत किया जाता है।

श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी प्रशासन ने भी विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें ऐसे रचनात्मक और सामाजिक कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने के लिए प्रोत्साहित किया है। स्वांग क्लब आज संवाद और अभिनय के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने का एक प्रभावी मंच बन चुका है, जो सभी के लिए प्रेरणादायक है।

## सिटी इवेंट

# सेवानिवृत्त होने पर स्मृति चिन्ह और शाल देकर दी गई विदाई



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड,सेक्टर-6 में आयोजित समारोह में संचालक मंडल के वरिष्ठ सदस्य कुलेश्वर प्रसाद चंद्राकर को उनकी दीर्घ सेवाओं के उपरांत सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इसी माह संयंत्र की सेवा से सेवानिवृत्त होने के साथ-साथ उन्होंने संचालक मंडल के अपने दायित्वों से भी अवकाश ग्रहण किया।

- लंबे कार्यकाल उनकी निष्ठा और योगदान को किया गया याद

इस अवसर पर आयोजित विदाई समारोह में संस्था के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र, उपाध्यक्ष अमिताभ वर्मा सहित संचालक मंडल के अन्य सम्मानित सदस्य नीरजा शर्मा, जे.के.गहिने, विनोद कुमार वासनिक, हरिराम यादव, पवन कुमार साहू और संस्था के प्रबंधक एवं बोर्ड के सचिव एम. मुरलीधर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र ने चंद्राकर के लंबे कार्यकाल उनकी निष्ठा और योगदान को याद किया। सदस्य नीरजा शर्मा ने कहा कि चंद्राकर ने न केवल एक जिम्मेदार पदाधिकारी के रूप में कार्य किया,बल्कि संस्था के मूल्यों और सहकारिता की भावना को भी सदैव जीवंत रखा। अपने उद्बोधन में श्री चंद्राकर ने संस्था, संचालक मंडल और सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह के अंत में उन्हें स्मृति-चिन्ह, शाल एवं श्रीफल तथा पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।

## समाज लाइव

# अगासदिया का कला साधक कोदूराम वर्मा समारोह आज

**भिलाई।** प्रसिद्ध कलाकार, छत्तीसगढ़ राज्य का मंदराजी सम्मान प्राप्त करमा सम्राट के नाम से विख्यात कोदूराम वर्मा समारोह एक अप्रेल 2026 को दोपहर तीन बजे आमदी नगर स्थित अगासदिया परिसर में होगा। कोदूराम वर्मा साक्षरता जत्था के वरिष्ठ कलाकार तथा शब्दवेधी बाण चलाने वाले धनुर्धर थे। ग्राम भिंभौरी के समृद्ध कृषक परिवार में जन्में थे। कोदूराम वर्मा का निधन 18 अगस्त 2018 को उनके गृहग्राम में हुआ। उन पर केन्द्रित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा तथा अध्यक्ष साहित्यकार डॉ. सुधीर शर्मा होंगे। विशेष अतिथि स्वं स्वंयसिद्धा डॉ. सोनाली चक्रवर्ती होंगे। कार्यक्रम संचालन साहित्यकार डॉ. रजनी नेलसन करेंगी। दूरदर्शन रायपुर के कार्यक्रम प्रमुख नीलम सोना का सम्मान होगा। इस अवसर पर प्रसिद्ध रंगोली कलाकार शिक्षा विद् स्मिता वर्मा के रंगोली का विशेष प्रदर्शन होगा। वरिष्ठ साहित्यकार संतोष झांझी का विशेष काव्य पाठ होगा। पद्म उषा बारले मंगल गान प्रस्तुत करेंगी। महंत अंतराम साहू जगन्नथिया गीत प्रस्तुत करेंगे। कलाकार एवं दूरदर्शन के कृषि दर्शन प्रस्तोता महेश वर्मा कोदूराम वर्मा के व्यक्तित्व कृतित्व पर व्याख्यान देंगे। अरुण अग्रवाल आभार व्यक्त करेंगे। साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा प्रारंभिक आयोजकीय उद्बोधन देंगे। इस अवसर पर कोदूराम वर्मा परिवार से प्रेमलाल वर्मा बबला सहित कला, साहित्य, संस्कृति क्षेत्र के लोग सम्मिलित होंगे।



- छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा तथा अध्यक्ष साहित्यकार डॉ. सुधीर शर्मा होंगे शामिल

# संगठन में संवाद, समन्वय और सक्रियता को बढ़ावा देने किया विजिट



**दुर्ग।** जेसीआई दुर्ग भिलाई में जोन वाइस प्रेसिडेंट अंकित तामकोरिया के आगमन पर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष संतोष कुमार ने संगठन की गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि ऐसे विजिट संगठन को नई ऊर्जा, मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत एमओसी लेडी जेसी पल्लवी अग्रवाल द्वारा की गई। मंच पर अर्पित पिंचा प्रोग्राम डायरेक्टर, तोरण अटल सचिव, आलोक अग्रवाल, संतोष कुमार अध्यक्ष और जोन वाइस प्रेसिडेंट अंकित तामकोरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान निखिल टांक द्वारा क्रीड एवं मिशन का पाठ किया गया। इसके बाद जेसी अंकित तामकोरिया ने अपने उद्बोधन में संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए सदस्यों को नेतृत्व विकास, सेवा एवं नेटवर्किंग के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्ष संतोष कुमार द्वारा संस्था का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर संगठन के आईपीपी आलोक रचना अग्रवाल की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में सचिव जेसी तोरण अटल द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। जनसंपर्क अधिकारी ट्विंकल खेमुका पारख ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा ऐसे विजिट से संगठन में संवाद, समन्वय और सक्रियता को बढ़ावा मिलता हैं।



## भगवान महावीर का 2625वां जन्म कल्याणक पर निकली शोभायात्रा, सेवा व सामाजिक संदेशों का हुआ संगम

# भक्ति भरे गीतों से गूंजा शहर, जल संरक्षण से लेकर रक्तदान तक कई सेवा कार्यों में जुटा जैन समाज

**भिलाई/ दुर्ग।** दुर्ग जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव को शहर में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सकल जैन समाज की बड़ी संख्या में सहभागिता रही और पूरे शहर में भक्ति, सेवा एवं सामाजिक सरोकारों का अनूठा संगम देखने को मिला। सुबह 7.30 बजे दिगंबर एवं श्वेतांबर जैन मंदिरों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मारवाड़ी विद्यालय और कस्तुरबा बाल मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के पश्चात यात्रा प्रारंभ हुई। सिहावा के भजन गायक मयंक डागा और शुभम भंसाली ने अपने भक्तिमय गीतों से माहौल को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। शोभायात्रा में महापौर अल्का बाघमार भी शामिल रहीं। शोभायात्रा में चलित झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। युवा एवं महिला मंडलों की सक्रिय भागीदारी रही। उत्कृष्ट वेशभूषा और अनुशासन के लिए पुरस्कार भी घोषित किए गए। वहीं रात 8 बजे राजस्थान के प्रसिद्ध भक्ति गायक गोयल मालु एवं जागृति वडेरा द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। मारवाड़ी स्कूल से प्रारंभ हुई यात्रा होटल मान, लुचकी तालाब, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, भाजपा कार्यालय, शनिचरी बाजार होते हुए गांधी चौक पहुंची और दिगंबर जैन मंदिर में समापन हुआ। गंज मंडी प्रांगण में प्रसादी की व्यवस्था की गई।





### जल संरक्षण का दिया संदेश

महोत्सव में सुधर्म जैन परिवार द्वारा लकड़ी के बुरादे से बर्तनों की सफाई कर हजारों लीटर पानी बचाने का संदेश दिया गया। इस पहल में युवा, महिलाएं और सैकड़ों समाजजन शामिल हुए। लोगों ने इसे सराहा और घर-घर अपनाने की बात कही। इस अवसर पर जगह-जगह सेवा कार्यों की झलक देखने को मिली।इस दौरान पुराना बस स्टैंड में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें 4000 लोगों ने भोजन ग्रहण किया। साथ ही खतरगक्ष युवा एवं महिला परिषद द्वारा सकोरे वितरण और शरबत सेवा की गई। जिला चिकित्सालय में संजय बोहरा के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर और अस्पताल में फल वितरण एवं कृष्ण गौशाला छतागढ़ में गायों को गुड़-सब्जी खिलाई गई।





### महिलाओं को मिला मंच

जन्म कल्याणक महोत्सव समिति द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से महावीर मेला का आयोजन किया गया। चार दिवसीय इस मेले में गृह कुटीर उद्योग से जुड़ी महिलाओं को अपने उत्पाद बेचने का मंच मिला, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ हुआ। महोत्सव समिति के योगेश बरडिया, विजय कोठारी, संदीप निमाणी, मनीष बड़जात्या, प्रवीण बोथरा सहित अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।



### पालकी यात्रा, अभिषेक व भंडारे में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**दुर्ग।** 1008 श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर, पद्मनाभपुर में भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह 6 बजे मंदिर से भगवान की भव्य रथ यात्रा बाजे-गाजे के साथ निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु शामिल हुए। इसके पश्चात पांडुकशिला में विराजमान कर अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन सम्पन्न हुआ। मूलनायक 1008 श्री महावीर स्वामी का महामस्तकाभिषेक भी श्रद्धा भाव से किया गया। साथ ही चौबीसी वेदी में दिनभर मस्तकाभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन का क्रम चलता रहा।कार्यक्रम के बाद मंदिर प्रांगण में दिगंबर 24 पूजन समिति द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें शीतल पेय, जूस, पोहा व मिष्ठान का वितरण किया गया। इस आयोजन में महिला समिति महिला मंडल का विशेष सहयोग रहा। रात में मंदिर की तीनों वेदियों में भगवान महावीर की भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रबंध कार्यकारिणी एवं सकल जैन समाज की उपस्थिति रही।

### अभिषेक, रक्तदान व सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गूंजा सेक्टर-6

**भिलाई।** भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर सेक्टर-6 स्थित श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ एवं जैन भवन में जैन मिलन, जैन ट्रस्ट, जैन महिला क्लब एवं सकल जैन समाज द्वारा भव्य आयोजन किया गया। शुरुआत ध्वजारोहण एवं मंगल दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में बैंड-बाजे और जयकारों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर की अष्टधातु प्रतिमाओं को पालकी में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने श्रीफल अर्पित कर आरती की। जैन भवन में प्रवेश के पश्चात मंगल अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन हुआ, जिसमें कई श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। महोत्सव के तहत सेल्फ मेडिटेशन कार्यशाला, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अणुव्रत आधारित प्रस्तुतियां भी हुईं, जिसमें बच्चों व महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जैन मिलन, जैन ट्रस्ट एवं जैन युवा संघ द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने रक्तदान किया। भिलाई नगर एडिशनल एसपी सुखनंदन ने रक्तदाताओं को सम्मानित कर युवाओं की सराहना की।

### शोभायात्रा का हिंदू युवा मंच ने किया स्वागत

**दुर्ग।** हिन्दू युवा मंच के राहुल जैन के नेतृत्व में महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर निकली शोभायात्रा का किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रवक्ता अरुण सिंह, हिन्दू युवा मंच के प्रदेश प्रमुख गोविन्दराज नायडू, महामंत्री राजेश शर्मा, अध्यक्ष श्रीकुमार नायर, भीम जैन, सुरेंद्र जैन, अरुण अग्रवाल, राजा देवांगन, शिबू सोनी, जय देवांगन, राज गुप्ता, नीरज देवांगन, हरि जगबेड़ा, अभिषेक प्रजापति आदि उपस्थित थे।



## जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-6 की सदस्य व सभापति प्रिया साहू ने कोटनी में लगवाया शिविर

# ब्लड डोनेट करने पर हेलमेट देकर किया सम्मान, मेडिकल शिविर में सैकड़ों को निःशुल्क दवाएं, आयुष्मान कार्ड भी बना

कार्नर न्यूज

भिलाई। जिला पंचायत क्षेत्र ग्राम कोटनी में विशाल स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सभापति प्रिया साहू के द्वारा आयोजित इस शिविर में क्षेत्रीय लोगों के आयुष्मान कार्ड भी बनवाए गए। गांव के बहुत लोग जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना था उन्हे अपने इलाज के लिए भटकना पड़ रहा था। रक्तदान शिविर में युवाओं के द्वारा ब्लड डोनेट किया गया। ब्लड डोनेट करने वालों में प्रोत्साहन स्वरूप हेलमेट बांटकर उन्हे सम्मानित किया गया। छोटे बच्चों को स्वर्णप्रासन्न पिलाया गया। शिविर में महिलाओं और बुजुर्गों का भी मेडिकल चेकअप हुआ।



### प्रत्येक रविवार लगेगा 18 ग्राम पंचायतों में शिविर

सभापति प्रिया साहू ने कहा कि हमने इस शिविर की शुरुआत ग्राम कोटनी से किया है। जो प्रत्येक रविवार को हमारे जिला पंचायत क्षेत्र 6 के समस्त 18 पंचायतों क्रमशः प्रत्येक रविवार को आयोजित किया जाएगा । इसमें आयुष्मान भारत योजना जो ग्रामीण क्षेत्र के हर गरीब एवं कमजोर वर्ग के लिए सरकार की मुफ्त इलाज योजना है । जिसके तहत 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिलता है। आज भी हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे लोग हैं जिनके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है। जिसकी वजह से लोगों को इलाज के लिए भटकना पड़ता है। उनके खुद के पैसे खर्च इलाज में खर्च हो जो हैं इसलिए आयुष्मान कार्ड के लिए शिविर लगवाया।



### सभी ने की शिविर की सराहना, जताया आभार

शिविर में गांव के युवाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सभापति प्रिया साहू ने कहा कि रक्तवीरो को हेलमेट एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया है । शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बुजुर्ग मेडिकल चेकअप के लिए पहुंची। इसके लिए उन्होने उनका व शिविर में भागीदारी देने वाले डॉक्टर सहित अन्य लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया। सरपंच श्रीराम सिंह निषाद ने कहा कि हमारे गांव में पहली बार जिला पंचायत सदस्य व सभापति प्रिया साहू के द्वारा शिविर लगवाया गया जिसमें गांव के कई लोग लाभान्वित हुए , जिन का आयुष्मान कार्ड नहीं बना था उनका कार्ड बनाया गया। गांव के युवाओं ने रक्तदान कर मानव सेवा में अपना सराहनीय योगदान जिससे गांव के अन्य युवाओं में सामाजिक चेतना बढ़ती है। शिविर को सफल बनाने में भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, जिला भाजपा मंत्री गिरीश साहू , कार्यक्रम प्रभारी राजा वैष्णव, नम्रता बंसोड़, हेमंत विश्वकर्मा,पवन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# वन्य प्राणियों को गर्मी से बचाने बनाया गया ठंडा-ठंडा कूल-कूल माहौल

## मैत्रीबाग जू में परिंदों के लिए स्प्रिंकलर से पानी की फुहार, सफेद बाघों को भी शावर और रेत से मिलेगी ठंडकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मार्च महीने के बीतने के बाद जल्द ही गर्मी अपने तेवर दिखाने लगेगी। इसे देखते हुए मैत्रीबाग चिड़ियाघर में वन्य प्राणियों को गर्म मौसम से बचाने के लिए व्यापक इंतजाम शुरु कर दिए गए हैं। जू प्रबंधन द्वारा जानवरों और पक्षियों के रहवास, देखभाल के साथ उनके खानपान पर भी खास ध्यान दिया जाएगा। सभी के एनक्लोजरों को ठंडा ठंडा कूल कूल रखे जाने की व्यवस्था की जा रही है।

बीएसपी के उद्यानिकी विभाग द्वारा मैत्रीबाग के पक्षियों और जानवरों को तेज गर्मी से बचाने के लिए तैयारी शुरु कर दी गई है। इस साल गर्मी अधिक पड़ने के आसार हैं। पिछले हफ्ते दस दिन से शहर तपने लगा है। अगले हफ्तेभर में तापमान 40 डिग्री होने के आसरा हैं। इसे देखते हुए जू प्रबंधन द्वारा वन्य प्राणियों के एनक्लोजरों और कैज को ठंडा रखने के लिए व्यवस्था की गई है। इसके तहत बर्ड्स काम्पलेक्स में स्प्रिंगलर लगाए गए हैं। स्प्रिंगलर के पानी के फौव्वारे से यहां ठंडा वातावरण रहेगा। इसके अलावा सभी परिंदों के कैज के सामने की जाली के ऊपर ग्रीन चटाई लगाई जा रही है। इससे पखवाड़ेभर बाद गर्मी बढ़ने पर गर्म हवा का असर कम होगा। परिंदों को ठंडकता मिलने से गर्मी से सुकून मिलेगा। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि ठंडे प्रदेशों में रहने वाले कुछ बर्ड्स काफी संवेदनशील होते हैं, जिन पर गर्मी और ठंड के मौसम का प्रभाव अधिक पड़ता है। चिड़ियाघर में पांच मोर,स्टूअर्ट स्टार्क, सारस और सहित दो दर्जन से अधिक पक्षी हैं।



### गर्मी में दिया जाएगा संतुलित खानपान

मैत्रीबाग में पक्षियों के तरह जानवरों को भी भीषण गर्मी से बचाने के लिए प्रबंध किए जा रहे हैं। इसके तहत टाइगर व लायन और भालू आदि के एनक्लोजर में भी सर्द माहौल बनाए रखने के प्रबंध किए जाएंगे। इसके तहत काफी संवेदनशील माने जाने वाले सफेद बाघों के एनक्लोजर की छत पर चटाई बिछाकर शावर से पानी छोड़ा जाएगा। नीचे अंदर रेत बिछाई जा रही है और यहां भी पानी भरा जाएगा। मैत्रीबाग के एकमात्र लायन के एनक्लोजर में भी ठंडकता के प्रबंध किए जा रहे हैं। वन्य प्राणियों के रहवास के साथ देखभाल और खानपान पर भी खास ध्यान दिया जा रहा है। मैत्रीबाग के प्रभारी महाप्रबंधक डां. एनके जैन बताते हैं कि चिड़ियाघर में वन्य प्राणियों को तेज धूप या लू से बचाने के लिए हर तरह से ध्यान दिया जाता है। जानवरों के पाचन और मौसम से बदलने वाले बिहेवियर को देखते हुए खानपान संतुलित रखा जाता है। गर्मी बढ़ने पर टाइगर की खुराक थोड़ी कम कर दी जाती है, ताकि डाइजेशन खराब न हो।

## खबर संक्षेप



### धारदार हथियार लहराने वाले को पकड़ा गया

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जिम गार्डन, नेहरू नगर सुपेला के पास हरू नगर रेशमी आवास, सुपेला निवासी सक्सित फुले न धारदार हथियार लेकर आम लोगों को भयभीत कर रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी के पास से एक धारदार हथियार जब्त किया है।

### सटोरिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**भिलाई।** सटोरिया को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम बिरेझर, चौकी अंजोरा निवासी कमलेश यादव को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने नगदी 2550 रुपए और डॉट पेन जब्त किया गया है।

### भाजपा स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आज

**भिलाई।** भाजपा का स्थापना दिवस 6 अप्रैल को मनाया जाना है। इसकी तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यालय में 1 अप्रैल को दोपहर 2 से बैठक आयोजित की गई है। अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में यह बैठक होगी। आयोजित होने वाली बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय, प्रदेश, पदाधिकारी कार्य समिति सदस्य, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, मोर्चा के अध्यक्ष, महामंत्री प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं अपेक्षित सदस्य बैठक में उपस्थित रहेंगे

### हुज्जत करने वाली महिला हुई गिरफ्तार

**भिलाई।** शासकीय कार्य में बाधा और पुलिस अफसर से हुज्जद करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि इंदिरा नगर सुपेला निवासी मीना चौहान को बयान के लिए बुलाया गया था। बयान उप निरीक्षक नमिता टेकाम द्वारा वैधानिक प्रक्रिया के तहत दस्तावेजों में हस्ताक्षर करने के लिए कहा गया। जिस पर आरोपी द्वारा मना करते हुए गाली-गलौज की गई। आरोपी मीना द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए उप निरीक्षक के साथ हुज्जत की गई। जांच के दौरान आरोपी मीना चौहान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया।



## बीएमएस ने की समय पर डाक्टरों की ड्यूटी व कूलर-पंखे लगाने की मांग

# सेक्टर-9 हास्पिटल में सुविधाएं सिमटने से मरीज इलाज के लिए हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कुछ साल पूर्व तक सेंट्रल इंडिया के सबसे बड़े अस्पताल के रुप में पहचान बनाने वाले बीएसपी के पं. जवाहर लाल नेहरु चिकित्साल एवं अनुसंधान केंद्र (जेएलएनएच) सेक्टर 9 अब एक रेफरल सेंटर बनकर रह गया है। चिकित्सा सुविधाओं में गिरावट, डाक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी और चिकित्सा उपकरणों आदि समस्याओं का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। भिलाई इस्पात मजदूर यूनियन ने प्रबंधन से जल्द निदान किए जाने पर आंदोलन के लिए मजबूर होने की चेतावनी दी है।

डेढ़ हजार बेड क्षमता वाले सेक्टर नौ मेन हास्पिटल के चिकित्सा सुविधाओं में पिछले कुछ साल से निरंतर गिरावट आ रही है। अपनी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं, सुविधाओं और जंबो डाक्टरों व पैरामेडिकल टीम के कारण दो दशक पूर्व तक 40 हजार बीएसपी कर्मियों व परिवार को चिकित्सा सहूलियत उपलब्ध कराने वाला यह अस्पताल अब मात्र 13 हजार कर्मियों को पर्याप्त सुविधा देने लायक नहीं रह गया है। हजारों गैर बीएसपी कर्मियों का भी भी वहन करने में अस्पताल पर अक्षम साबित हो रहा है। कई बार बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन व यूनियनों की मांग व धरने के बाद भी प्रबंधन द्वारा पूर्व की तरह इस अस्पताल को अपग्रेड नहीं किए जाने से मरीजों की परेशानी बढ़ रही है। यूनियनों के मुताबिक जेएलएनएच में कई विशेषज्ञ डाक्टरों के पद खाली होने और पैरामेडिकल स्टाफ की किल्लत मरीजों पर भारी पड़ रही है। अस्पताल मे हार्ट, न्यूरो फिजिशियन, एंट्रोपोलाजी सहित दर्जन भर विभागों में विशेषज्ञ नही होने से मरीजों को अन्य अस्पतालों में रिफर किया जा रहा है। कई डाक्टर आउटसोर्स पर हैं पर समय पर नहं उलब्ध होने से मरीजों की परेशानी बढ़ रही है। मनोरोग विभाग में एकमात्र चिकित्सक हैं। सेल में वेतन कम होने से डाक्टरों की भर्ती बंद है। भिलाई इस्पात मजदूर संघ ने बताया कि ओपीडी में डाक्टरों की लेटलतीफी, गर्मी में कूलर पंखे व स्ट्रेचर जैसी समस्या बनी हुई है।

### दर्जनभर विभागों में नहीं हैं विशेषज्ञ चिकित्सक, बंद पड़ी है सीटी स्कैन



### डॉक्टरों की लेटलतीफी से हो रही परेशानी

बीएमएस की यूनियन कार्यालय सेक्टर 6 में हुई बैठक में सेक्टर 9 अस्पताल और टाउनशिप की समस्याओं और संयंत्र के भीतर सुरक्षा को लेकर चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने चेताया कि यदि प्रबंधन ने समय रहते उचित कदम नहीं उठाए, तो कर्मचारियों के बढ़ते आक्रोश का सीधा असर उत्पादन पर पड़ेगा। सेक्टर 9 अस्पताल की सीटी स्कैन स्कैन मशीन लंबे समय से खराब है, जिसके कारण अपॉइंटमेंट लेकर आने वाले कर्मचारी और उनके परिजन रोज भटकने को मजबूर हैं। गर्मी बढ़ने के बाद भी ओपीडी प्रतीक्षालय में पर्याप्त कूलर नहीं होने से मरीजों परेशानी हो रही है। भीषण गर्मी को देखते हुए सभी ओपीडी प्रतीक्षालयों में तत्काल कूलर एवं पंखे लगाने की व्यवस्था करने की मांग की गई है।ओपीडी में समय पर डाक्टरों के उपलब्ध नहीं होने से भी मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों की भीड़ एवं परेशानी को देखते हुए ओपीडी में डाक्टरो की बैठने की व्यवस्था की जाए।

### दें इंसेटिव व बढ़ाएं सुरक्षा

यूनियन के महामंत्री चन्ना केशवलू ने बताया कि टाउनशिप की बुनियादी समस्याओं व संयंत्र के अंदर सुरक्षा संबंधी समस्याओ के निदान की मांग प्रबंधन से बैठक में की गई। 2007 से लंबित इंसेंटिव स्कीम का तत्काल पुनरीक्षण करने, टाउनशिप वासियों को टो टाइम जलापूर्ति, मुर्गा चौक से खुर्सीपार गेट तक ट्रैफिक व्यवस्थित व लाइट तथा बोरिया गेट और इस्पात भवन मार्ग पर अवैध कब्जों पर रोक पर जोर दिया गया। संयंत्र के अंदर मोटर साइकिल की गति 30 एवं कार की स्पीड गति 40 की गति पर चलाने का निर्देश दिया गया है जो कि भिलाई इस्पात संयंत्र के नियमित कर्मचारियों के लिए है जिसे ठेका श्रमिकों एवं ठेकेदारों के लिए भी निर्धारित किया जाना चाहिए। संघ ने चेतावनी दी है कि मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिए जाने पर आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। बैठक में उपाध्यक्ष मृगेंद्र कुमार,सुधीर गडेवाल,जगजीत सिंह,संयुक्त महामन्त्री प्रदीप कुमार पाल,जोगेंद्र कुमार,सचिव संजय कुमार साकुरे,संतोष सिंह,पूरन लाल साहू,संतोष जगन्नाथ नाले,घनशयाम साहू,राजीव सिंह,उपस्थित थे।

## शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने की पहल

# दीपक नगर स्कूल में बढ़ेंगी सुविधाएं, बनेंगे नए कक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय स्कूलों के उन्नयन और संधारण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग के दीपक नगर स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल का विस्तृत निरीक्षण किये जहां विकास कार्य किया जाना है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल परिसर में प्रस्तावित विकास कार्यों का बारीकी से अवलोकन किये और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

■ स्कूलों के उन्नयन व संधारण के लिए लगातार हो रहे प्रयास

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने बताया कि विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या और उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्कूल में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण किया जाएगा, जिससे पढ़ाई का माहौल बेहतर बनेगा। इसके साथ ही स्कूल परिसर में डोमशेड का निर्माण किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को खेलकूद, प्रार्थना सभा, शैक्षणिक कार्यक्रम, सांस्कृतिक गतिविधियां और अन्य गतिविधियों के लिए सुरक्षित एवं मौसम के अनुकूल स्थान उपलब्ध होगा।

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि इन सभी निर्माण कार्यों से स्कूल का शैक्षणिक वातावरण और अधिक सुदृढ़ होगा तथा विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के 11 शासकीय स्कूलों को स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है, जबकि 10 स्कूलों में स्मार्ट क्लास की सुविधा शुरू की गई है। इन स्मार्ट कक्षाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को डिजिटल बोर्ड, ऑडियो-वीडियो सामग्री और आधुनिक तकनीक के जरिए पढ़ाई का अवसर मिल रहा है, जिससे उनकी समझ और रुचि में वृद्धि हो रही है।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, पार्षद लीलाधर पाल, मनोज सोनी, आरईएस के इंजीनियर, स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## ई-चालान पर भारी जुर्माने को लेकर विरोध कांग्रेस ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ट्रैफिक पुलिस द्वारा ई-चालान के माध्यम से लगातार की जा रही कार्रवाई और भारी-भरकम जुर्माना राशि के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी, दुर्ग शहर के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आम नागरिकों को राहत देने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान महंगाई के दौर में आम जनता, विशेषकर गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार, पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे समय में 2000 से 5000 तक के ई-चालान आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रहे हैं, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। कांग्रेस ने कहा कि कई मामलों में जानकारी के अभाव, तकनीकी त्रुटि अथवा अनजाने में हुई छोटी भूलों के कारण भी ई-चालान जारी हो रहे हैं, जो आम नागरिकों के लिए मानसिक तनाव और आर्थिक परेशानी का कारण बन रहे हैं। बाकलीवाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा जरूरी है, लेकिन नियमों के पालन के साथ मानवीय संवेदनशीलता भी उतनी ही आवश्यक है। मौजूदा आर्थिक परिस्थितियों में भारी-भरकम ई-चालान गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त बोझ बन रहे हैं। छोटे उल्लंघनों पर चेतावनी, पहली बार गलती करने वालों को राहत और जुर्माने की राशि में व्यवहारिक कमी जैसे निर्णय आम जनता को बड़ी राहत दे सकते हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, दीपक दुबे, राजेश यादव, रायसिंह ढिकोला, दीपक साहू , केके सिंह,गुरदीप भाटिया, आनंद ताम्रकर, दुष्यंत देवांगन सहित अन्य शामिल थे।

## जरवाय में पीएम मोदी की मन की बात सुनने बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ता

**भिलाई।** पीएम नरेंद्र मोदी की मन की बात के 132वें एपिसोड का श्रवण एवं दर्शन भाजपा भिलाई तीन मंडल के बूथ 263, ग्राम जरवाय में हनुमंत निषाद के निवास पर उत्साह पूर्वक सुना गया। इस अवसर पर भाजपा प्रवक्ता प्रेम लाल साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि नाहर राजेंद्र साहू, कमलेश पांडेय, इतवारी मधुकर, पवन वर्मा, दिलीप निषाद बूथ अध्यक्ष गणेश ठाकुर भी मौजूद थे। प्रेम लाल साहू ने कहा कि मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के 140 करोड़ नागरिकों को जोड़ने वाला जन-आंदोलन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर एपिसोड में देश की सकारात्मक ऊर्जा, नवाचार, स्वावलंबन, जनभागीदारी को नई दिशा देते हैं। आज मन की बात के माध्यम से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि प्रत्येक नागरिक राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को समझे और उसे निभाए। श्री साहू ने कहा कि नागरिकों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के छोटे-छोटे प्रयासों को राष्ट्रीय पहचान दी है। समाज में सकारात्मक परिवर्तन की लहर आई है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र हित को सर्वोपरि मानकर कार्यकर्ता है। सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है। संचालन मंडल मंत्री राजेंद्र साहू आभार हनुमंत निषाद ने किया।



## एसपी 2 की समस्याओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के एसपी-2 में महाप्रबंधक जागेंद्र कुमार और इंटक यूनियन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के बीच बैठक हुई। यूनियन के महासचिव संजय कुमार साहू द्वारा सभी विभागीय पदाधिकारियों का परिचय कराया गया तथा कार्यकारिणी की सूची प्रबंधन को सौंपा गया। बैठक में संयंत्र की मूलभूत समस्याओं के जल्द निदान की मांग की गई।

■ इंटक यूनियन एवं प्रबंधन की बैठक

बैठक में एसबी-8, 9 एवं एम-18, 19 क्षेत्रों में डस्ट नियंत्रण एवं ईएसपी प्रणाली को प्रभावी बनाने की कर्मचारियों व ठेका श्रमिकों के लिए सर्वसुविधायुक्त कॉमन विश्राम कक्ष का निर्माण,कार्यस्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किए जाने की मांग की गई। साथ ही ठेका श्रमिकों के कौशल उन्नयन, पूर्ण निर्धारित वेतन दिलवाने की व्यवस्था एवं उनके सामाजिक सुरक्षा, पंखे एवं कूलर एवं वाटर कूलर की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।



### मिला आश्वासन

महाप्रबंधक प्रभारी जागेंद्र कुमार ने डस्ट कंट्रोल के लिए किया जा रहे हैं कार्य की जानकारी दी और जल्द सेंटरिंग प्लांट 2 को डस्ट मुक्त करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में प्रबंधन की ओर से एलसीपी डोड्डी, डीएस परिहार, उप महाप्रबंधक मनोज कुमार, डी. तिर्की, मोहम्मद मजहर अनीस, श्रम अधिकारी राकेश साहू वइंटक यूनियन की ओर से कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा महासचिव संजय साहू सहित ताम्रध्वज सिन्हा, सच्चिदानंद पांडे उपाध्यक्ष सुरेश कुमाक, वेद प्रकाश सूर्यवंशी, शिव शंकर साहू पवन कुमार चौधरी रोहित कुमार वारे आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वित्तीय वर्ष की समाप्ति के एक दिन पहले बुलाई गई एमआईसी की बजट बैठक

# एमआईसी मेंबर चाह कर भी नहीं करा सके 223.51 करोड़ के बजट में संशोधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली निगम के बजट में हो रही देरी को देखते हुए महापौर ने 30 मार्च को एमआईसी की बैठक बुलाई।इस दौरान निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने जो बजट पुस्तिका प्रस्तुत की महापौर शशि सिन्हा और उनकी एमआईसी ने उसे बिना विरोध स्वीकार कर लिया। एमआईसी की बजट बैठक में इतनी देरी हुई है कि सदस्य चाहकर भी बजट को संशोधित नहीं कर सके।

बजट को लेकर बुलाई गई एमआईसी की बैठक चार घंटे चली। इस दौरान एमआईसी के एक सदस्य ने बजट संशोधित करने के लिए जोर दिया लेकिन वित्तीय वर्ष 2025-26 का सोमवार 30 मार्च अंतिम दिन इसलिए था कि 31 मार्च को शासकीय अवकाश है। बजट संशोधित करते तो उसे फिर से एमआईसी में प्रस्तुत करने में 3 से 4 दिन का समय लगता।निगम के लेखाधिकारी जब एमआईसी को इसकी जानकारी दी तो सभी ने 223 करोड़ 51 लाख का बजट बिना किसी संशोधन के अंगीकार किया। आपको बता दें कि निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने बजट फरवरी महीने में एमआईसी में भेजा था, लेकिन करीब दो महीने तक इस बजट को देखा तक नहीं गया। इससे एमआईसी और उनकी विकास को लेकर उठने वाली चिंता पर भी सवाल उठ रहे हैं।



फाइल फोटो

### कई मदों में संशोधन पर था जोर

एमआईसी की बैठक में मौजूद महापौर शशि सिन्हा और एमआईसी के सात सदस्यों को बजट पुस्तिका प्रदान की गई। एक सदस्य सनीर साहू शहर से बाहर होने के चलते बैठक में उपस्थित नहीं हुए। बजट में चर्चा के दौरान एमआईसी के एक सदस्य ने निगम अधिकारियों से पूछा कि कितने का बजट है। सड़क, बिजली, नाली, कर्मचारियों के वेतन भत्ते सहित कई मदों के खर्च में कटौती करने की बात रखी। शिक्षा उपकर की राशि को निगम द्वारा संचालित स्कूल नहीं होने का हवाला देकर इसे खत्म करने पर जोर दिया। ऐसे संशोधन कर बजट 6 अप्रैल को सीधे सामान्य सभा में लाने कहा गया। इस पर संबंधित अधिकारी ने बताया कि संशोधित बजट फिर से एमआईसी में लाना होगा और उसके अनुमोदन के बाद सामान्य सभा में ले जाया जा सकता है। सामान्य सभा की तिथि भी पहले तय कर ली गई है।

### पिछले साल के बजट से साढ़े 12 करोड़ की बढ़ोतरी

रिसाली निगम ने वर्ष 2025-26 में 211 करोड़ रुपए का बजट लाया था। इस बार 223.51 करोड़ रुपए का बजट पेश किया जाना है। इस हिसाब से साढ़े 12 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी का यह बजट सामान्य सभा में प्रस्तुत होना है। रिसाली क्षेत्र के अधिकांश वार्डों में पेयजल की समस्या है और गर्मी में यह समस्या विकराल रूप में पहुंच जाती है। इसलिए पेयजल से लोगों को राहत पहुंचाने के लिए चार पानी टंकी का निर्माण बजट में रखा गया है। जो अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत है।

### एमआईसी से पारित बजट

“ एमआईसी से हमने निगम आयुक्त द्वारा प्रस्तुत बजट को सामान्य सभा के लिए अनुमोदित कर दिया है। पिछले साल की अपेक्षा इस बार बजट में करीब 12 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी की गई है। सामान्य सभा में इस पर चर्चा होगी।

**शशि सिन्हा,** महापौर, नगर निगम रिसाली

